

**अपने फैन्स से रूबरू हो रहे क्रिकेटर**

इंडियन प्रीमियर लीग भी अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित किया जा चुका है, जबकि टी–20 वर्ल्ड कप का आयोजन भी मुश्किल में दिख रहा है। ऐसे में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली, रोहित शर्मा सहित तमाम क्रिकेटर सोशल मीडिया के माध्यम से अपने फैन्स से रूबरू हो रहे हैं।

## विराट कोहली ने कहा चहल जोकर और बुमराह रहस्यमयी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टीम इंडिया के सोशल मीडिया हैंडल पर बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और कप्तान विराट कोहली बातचीत कर रहे हैं। कोहली ने जहां चहल को जोकर बताया है तो वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि बुमराह सोशल मीडिया पर इतने विस्तार से बात कर सकते हैं।

एक चैट में बातचीत के दौरान कोहली ने हल्के फुल्के अंदाज में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'युजवेंद्र चहल मेरी नजर में लॉकडाउन के दौर में सबसे बड़े जोकर की तरह हैं।' उन्होंने कहा, 'जसप्रीत बुमराह मेरी नजर में रहस्यों से भरा हुआ है। मुझे नहीं पता था कि वह लोगों के बीच लाइव चौट पर इतनी लंबी बातचीत भी कर सकते हैं।' उल्लेखनीय है कि किलर महामारी कोरोना वायरस की वजह से तमाम खेलों पर ब्रेक लगा हुआ है। भारतीय क्रिकेटर घर पर रहने को मजबूर हैं।

# गेल को मिल सकती है सजा, रामनरेश सरवन के खिलाफ बयानबाजी है वजह

**क्रिकेट**

## करिश्माई बल्लेबाज के शानदार करियर का अंत नहीं होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

किंगस्टन। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के प्रमुख रिकी स्किरिट ने कहा कि क्रिस गेल को रामनरेश सरवन के खिलाफ हाल में कड़ी बयानबाजी करने के लिए सजा भुगतनी पड़ सकती है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे इस करिश्माई बल्लेबाज के शानदार करियर का अंत नहीं होगा। चालीस वर्षीय गेल को कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) की फ्रैंचाइजी सेंट लूसिया जोक्स ने 2020 सत्र के लिए अनुबंधित किया है।

उन्होंने अपने पूर्व साथी सरवन को 'कोरोना वायरस से भी बुरा' करार दिया। उन्होंने सरवन पर आरोप लगाया कि उन्होंने उन्हें सीपीएल की टीम जमैका तल्लावाह से बाहर करने की साजिश रची। स्किरिट ने कहा कि हालांकि यह आपसी मतभेद है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि यह विवाद जल्दी समाप्त होगा।



**पर करियर नहीं होगा खत्मः** उन्होंने 'जमैका ग्लीनर' से कहा, 'मुझे विश्वास है कि इस समय क्रिस और सीपीएल के बीच किसी तरह की चर्चा चल रही है क्योंकि सीपीएल के कुछ नियम हैं जो यहां लागू होंगे, क्योंकि क्रिस एक फ्रैंचाइजी टीम से अनुबंधित हैं।' स्किरिट ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह गेल के करियर के लिहाज से वैश्विक मुद्दा नहीं बनेगा, क्योंकि उनका करियर शानदार रहा है और मैं नहीं चाहता कि उसका अंत इस घटना के साथ हो।'

**गेल के इस बयान से है विवादः** इस सलामी बल्लेबाज ने दावा किया था कि जमैका की टीम से उन्हें बाहर करने के पीछे सरवन का हाथ था क्योंकि मध्यक्रम का यह पूर्व बल्लेबाज फ्रैंचाइजी को अपने नियंत्रण में लेना चाहता है। गेल ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा, 'सरवन तुम अभी कोरोना वायरस से भी बुरे हो। तल्लावाह के साथ जो कुछ हुआ उसमें तुमने अहम भूमिका निभायी क्योंकि तुम्हारे और मालिक के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं।'

**इस नियम के अनुसार होगी सजा**

स्किरिट ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है लेकिन उम्मीद जतायी कि इससे गेल के करियर पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर मुझे यह अच्छा नहीं लगा। मेरी निजी राय है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन प्रक्रिया अपना काम करेगी। यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी क्योंकि वह वेस्टइंडीज लीग में अनुबंधित खिलाड़ी हैं।'

स्किरिट ने कहा, 'अगर खिलाड़ी किसी क्लब, फ्रैंचाइजी या क्रिकेट वेस्टइंडीज से अनुबंधित हो तो इस तरह का व्यवहार अनुबंध को किस स्तर तक बदनामी से जोड़ता है।'

# जब सचिन खेलते थे तो दिल चाहता था कि वह आउट न हों

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सचिन तेंडुलकर ने पाकिस्तान के खिलाफ कई यादगार पारियां खेली हैं। फिर चाहे वह 2003 वर्ल्ड कप में बनाए गए 98 रन हों या फिर पाकिस्तान में जाकर वनडे सेंचुरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ ही डेब्यू करने वाले तेंडुलकर ने अपने खेल से पड़ोसी देश के दर्शकों को ही नहीं बल्कि खिलाड़ियों को भी अपना फैन बनाया है। इनमें से एक पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ भी हैं। लतीफ ने कहा है कि सचिन सबसे यादगार प्रतिद्वंद्वियों में रहे। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि जब सचिन खेल रहे होते थे तो वह उन्हें आउट होते



हुए नहीं देखना चाहते थे।

लतीफ ने कहा, श्जब मैं विकेटकीपिंग करता था जब कई खिलाड़ी बल्लेबाजी करने आते थे। लेकिन जब सचिन बैटिंग करने आते थे तो मेरा दिल नहीं करता था कि वह आउट हों। मुझे उनकी बल्लेबाजी देखने में मजा आता था। टीवी पर नहीं लेकिन जब मैं विकेटकीपिंग करता था तो उनकी बैटिंग का खूब लुत्फ उठाता था। सचिन के व्यवहार की तारीफ करते हुए लतीफ ने कहा, श्जब ब्रायन लारा, रिकी पॉन्टिंग या जैक कालिस बैटिंग करने आते थे तो कीपिंग करते हुए मुझे लगता था कि ये जल्दी आउट हों लेकिन सचिन की बात अगल थी। अगर मैं उन्हें पीछे से कुछ बोलता भी था वह आगे से कोई जवाब नहीं देते थे, बस मुस्कुराते रहते थे।

लतीफ ने कहा कि अन्य बल्लेबाज प्रतिक्रिया देते थे लेकिन मोहम्मद अजहरुद्दीन और सचिन कोई जवाब नहीं देते थे। वे विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को भी अपना बना लेते थे। लतीफ ने कहा, इसी वजह से सब सचिन की तारीफ करते हैं। खास तौर पर विकेटकीपर। आप किसी भी विकेटकीपर मोईन खान या कामरान अकमल से पूछ लीजिए वह भी सचिन की इस बात के लिए तारीफ करेंगे। वह सैकड़ा बनाएंगे, गेंदबाजों पर आक्रामक शॉट लगाएंगे लेकिन कभी कुछ नहीं कहेंगे।

## रिंग में लौट रहे हैं चौंपियन माइक टायसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पूर्व हेवीवेट चौंपियन माइक टायसन ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के जरिए वापसी के संकेत दिए हैं। पूर्व मुक्केबाज टायसन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पंच मारते हुए नजर आ रहे है। उन्होंने इस वीडियो के कैप्शान में लिखा, ' जब आप स्मार्ट होते हैं तो कुछ भी संभव हो सकता है। प्रशिक्षण स्मार्ट, वापसी स्मार्ट।' वीडियो के अंत में टायसन ने कहा, 'मैं वापस आ गया हूं।' 53 वर्षीय टायसन ने पिछले सप्ताह भी एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने वापसी के संकेत दिए थे। वीडियो में वह वर्कआउट करते हुए नजर आ रहे थे। टायसन अगर रिंग में वापसी करते हैं तो न्यूजीलैंड के रग्बी खिलाड़ी सोनी बिल और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व एनआरएल खिलाड़ी पॉल गैलेन या एवेंडर होलीफील्ड उनके प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। टायसन ने 1986 में 20 साल की उम्र में ट्रेवर बेबरिक को हराक दुनिया का सबसे युवा हैवीवेट चौंपियन होने का रेकॉर्ड दर्ज कराया था। टायसन ने अपना आखिरी मुकाबला 2005 में केविन मैकब्राइड के खिलाफ खेला था। उन्होंने अपने करियर में 58 में से 50 मुकाबले जीते थे।

## न्यूज डायरी



### तफज्जुल रिजवी पर फिर भड़के शोएब अख्तर, कहा– माफी मांगो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने क्रिकेट बोर्ड के कानूनी सलाहकार तफज्जुल रिजवी द्वारा भेजे गए मानहानि नोटिस का जवाब देते हुए इसे 'कानूनी रूप से दोषपूर्ण और गलत' करार दिया। इस तूफानी गेंदबाज ने रिजवी से 'सार्वजनिक तौर पर अपमानित करने, बदनाम करने और उनका उपहास उड़ाने के लिए माफी मांगने को भी कहा। अख्तर ने कहा, 'मैंने अपने चौनल पर जो भी कुछ कहा वह पाकिस्तान क्रिकेट की भलाई के लिए कहा और बताया कि बोर्ड को किन चीजों में सुधार करने की जरूरत है। रिजवी के बारे में मैंने उनके साथ निजी बातचीत के आधार पर अपनी राय रखी थी।' उन्होंने ट्वीट किया, 'पीसीबी और रिजवी को लेकर मेरी टिप्पणी पीसीबी की कमियों और उसमें सुधार की उम्मीद को लेकर सार्वजनिक हित में दी गयी राय थी।' अख्तर ने अपने यूट्यूब चौनल पर रिजवी को 'अयोग्य' कहा था।

### विराट कोहली का कोई जवाब नहीं: पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को मौजूदा दौर का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज माना जाता है। दुनियाभर के क्रिकेट जानकार विराट की प्रतिभा और क्षमता का लोहा मानते हैं। इस लिस्ट में पाकिस्तानी क्रिकेटर भी शामिल हैं। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ को लगता है कि सभी प्रारूपों में कोहली सर्वश्रेष्ठ हैं। स्पोर्ट्सस्टार को दिए एक इंटरव्यू में यूसुफ ने कहा, आज के दौर मं कई अच्छे खिलाड़ी जैसे– रोहित शर्मा, जो रूट, स्टीव स्मिथ, केन विलियमसन– मौजूद हैं। लेकिन कोहली सभी प्रारूपों में बेस्ट हैं। यूसुफ ने कहा, जिस तरह कोहली बल्लेबाजी करते हैं। जिस तरह वह हर पारी में प्रेशर का सामना करते हुए शतक लगाते हैं और जिस तरह वह खेलते हैं, वह अविश्वनीय है। कोहली और बाबर आजम की तुलना करने को यूसुफ सही नहीं मानते। उन्होंने कहा, बाबर अभी युवा हैं। कई लोग उसकी तुलना विराट कोहली के साथ करते हैं।

### महान ओलिंपियन बलबीर सिंह की हालत नाजुक, आईसीयू में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चंडीगढ़। महान हॉकी खिलाड़ी और तीन बार के ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता बलबीर सिंह सीनियर (ठंसइपत ैपदही ैत) के चाहने वालों के लिए बुरी खबरी है। चौंपियन पूर्व हॉकी खिलाड़ी को मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बलबीर सीनियर अभी मोहाली के फोर्टिस अस्पताल के मेडिकल आईसीयू में भर्ती हैं। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। इस 96 वर्षीय दिग्गज के नाती कबीर सिंह भोमिया ने उनकी हालत पर अपडेट देते हुए बताया, 'नाना जी को आज सुबह नौ बजे दिल का दौरा पड़ा। उन्हें अभी मेडिकल आईसीयू में रखा गया है। कई अंगों के प्रभावित होने के कारण शुक्रवार आठ मई को उन्हें काफी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ था लेकिन अब उनकी हालत नाजुक है।'

### जापान में कोरोना वायरस से सूमो पहलवान की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान के एक 28 वर्षीय सूमो पहलवान की कोरोना वायरस से संक्रमित होने और उसके बाद कई अंगों के काम नहीं करने के कारण बुधवार को मौत हो गई। तोक्यो के तकादागावा टीम से संबंध रखने वाले पहलवान सोबुशी का इस बीमारी से एक महीने तक जूझने के बाद बुधवार की सुबह निधन हो गया। यह कोविड–19 के कारण किसी पहलवान की मौत का पहला मामला है। जापान सूमो संघ ने कहा कि इस पहलवान को चार–पांच अप्रैल को बुखार था लेकिन वह फोन व्यस्त होने के कारण स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क नहीं कर पाया। यही नहीं कई अस्पतालों ने उन्हें भर्ती करने से इनकार कर दिया था। आखिर में जब उनकी खांसी में खून आने लगा तो आठ अप्रैल को उन्हें तोक्यो अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका कोरोना वायरस के लिये शुरुआती परीक्षण 'नेगेटिव' रहा था लेकिन जब उन्हें एक अन्य अस्पताल ले जाया गया तो दस अप्रैल को उनका परीक्षण 'पॉजीटिव' आया था।